आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 06.04.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित बैठक में पीआरडी स्वयं सेवकों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। धरना–प्रदर्शन समाप्त करने पर सहमत हुए पीआरडी स्वयं सेवक।
- केंद्रीय विद्यालय संगठन ने टिहरी जिले के मदन नेगी में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी।
- हरिद्वार जिले में महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की सराहनीय पहल। क्लाउड किचन के माध्यम से महिलाओं को घर से ही व्यवसाय शुरू करने का मिलेगा अवसर।
- टिहरी झील में आगामी आठ से 12 अप्रैल तक 25वीं अखिल भारतीय पुलिस जल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन। देशभर की 19 टीमें हिस्सा लेंगी।

रेखा आर्या/पीआरडी

युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में आज सचिवालय में आयोजित बैठक में पीआरडी स्वयंसेवकों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्वयंसेवकों ने प्रमुख रूप से वर्षभर रोजगार सुनिश्चित करने तथा होमगार्ड के समान मानदेय और मंहगाई भत्ता दिए जाने की मांग उठाई। श्रीमती आर्या ने बताया कि बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इन दोनों मांगों के संबंध में शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि इन पर उचित निर्णय लिया जा सके। विभागीय मंत्री से उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद पीआरडी स्वयंसेवक प्रतिनिधियों ने अपना धरना–प्रदर्शन समाप्त करने की सहमति भी जताई।

केन्द्रीय विद्यालय मंजूरी

केंद्रीय विद्यालय संगठन ने टिहरी जिले के मदन नेगी में नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी है। यह विद्यालय नागरिक क्षेत्र के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–27 से ही प्रारंभ किया जाएगा। इसका संचालन प्रारंभिक चरण में कक्षा एक से पांच तक किया जाएगा, जिसे आवश्यकता और स्वीकृति के अनुसार आगामी वर्षों में क्रमिक रूप से विस्तारित किया जाएगा। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया सभी आवश्यक औपचारिकताओं के पूरा होने के 30 दिनों के भीतर शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि यह निर्णय केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति के क्रम में लिया गया है, जिसके तहत देशभर में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलने से मदन नेगी और

आसपास के क्षेत्र में नौनीहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर शैक्षिक ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार मिलकर युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने व उनके भविष्य को संवारने के लिए संकल्पित है।

जिलाधिकारी निरीक्षण

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज कोर्ट परिसर के समीप निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि पार्किंग बन जाने से कोर्ट परिसर में आने वाले आमजन को सुविधा मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम हो सकेगी।

प्रशिक्षु अधिकारी

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज लोक भवन में 2024 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे अपने कार्य में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा को हमेशा प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, इसलिए उन्हें संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। राज्यपाल ने अधिकारियों को उत्तराखण्ड की भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विशेषताओं को समझने तथा स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं को लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचार के उपयोग से योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जा सकता है।

क्लाउड किचन

हरिद्वार जिले में महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की है। इसके तहत क्लाउड किचन के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने आज ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूबेटर सेंटर में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इस पहल के तहत महिलाओं को घर से ही व्यवसाय शुरू कर आय अर्जित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हरिद्वार, प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जहां महिलाओं को क्लाउड किचन के लिए व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले चरण में 25 महिलाएं "गंगा रसोई" के नाम से अपना कार्य शुरू कर चुकी हैं, जबकि दूसरे चरण में जिले के सभी विकासखंडों की 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें घर से ही व्यवसाय शुरू करने का अवसर प्रदान करेगी।

जल क्रीड़ा

टिहरी झील में आगामी आठ से 12 अप्रैल तक 25वीं अखिल भारतीय पुलिस जल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की देशभर की 19 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल– आईटीबीपी के आई.जी मनु महाराज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 52 स्पर्धाओं में कैनोइंग, कयाकिंग और रोइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन स्पर्धाओं में पुरुष और महिला वर्गों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

टिहरी झील में इस प्रतियोगिता के आयोजन से राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर पर्यटन, होटल, परिवहन और व्यापार गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

जनसुनवाई

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुद्रप्रयाग जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान 26 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 11 का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया। वहीं, पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने विभिन्न विभागों से संबंधित 17 शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बागेश्वर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जनता मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।